www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

वर्ष–9 अंक–300 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शनिवार 27 फरवरी 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## संत रविदास जयंती, माघी पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश ावासियों को दी बधाई

अवध की आवाज

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संत रविदास जयंती तथा माघी पूर्णिमा पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने




आज ही भारत के स्वाधीनता संग्राम के नायक चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस तथा महान समाजसेवी नानाजी देशमुख की पुण्य तिथि पर उनको नमन किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड–19 के प्रोटोकॉल व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, महान संत, अद्भुत समाज–सुधारक, अनुपमेय रचनाकार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसे निर्मल दर्शन के माध्यम से समाज को आडंबरमुक्त एवं समरस बनाने की प्रेरणा देने वाले गुरु रविदास जी के विचार हम सभी के लिए प्रेरणाप्रद हैं। उन्होंने आगे लिखा कि माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों एवं माघ मेले में स्नान के लिए देश–विदेश से पधारे संत–महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। तीर्थराज प्रयाग में इस दिन स्नान, दान एवं यज्ञ का विशेष महत्व है। कल्पवासियों के लिये यह तिथि एक विशेष पर्व है। इसे सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने सुविधा एवं सुरक्षा के साथ ही समस्त आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कर रखे हैं। महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के तेजस्वी हस्ताक्षर, महान क्रांतिकारी, देशप्रेम के अद्भुत प्रतीक, काकोरी घटना के महानायक, अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि–कोटि श्रद्घांजलि। आपका बलिदान युगों–युगों तक हम सभी के मन में राष्ट्र प्रेम की लौ प्रज्जवलित करता रहेगा। महान समाजसेवी नानाजी देशमुख की पुण्य तिथि पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको नमन किया है। उन्होंने कहा कि महान समाजसेवी, सादा जीवन, उच्च विचार की भावना की प्रतिमूर्ति ग्रामोदय से राष्ट्रोदयकी संकल्पना के प्रणेता, भारत रत्न, राष्ट्रऋषि श्रद्घेय नानाजी देशमुख को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी भावभीनी श्रद्घांजलि। स्वावलंबी समाज के निर्माण के लिए आपके विचार हमारे लिए पथ प्रदर्शक हैं।



लखनऊ। चंद्र शेखर यादव जोनल अधिकारी जोन–7 के नेतृत्व में गृहकर बकायेदारो के विरूद्ध कुर्की अभियान चलाया गया।

## यूपी में 13 लाख एमएसएमई इकाईयों को 42 हजार 7 सौ करोड़ का मिला लोन : सहगल

अवध की आवाज

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने कहा कि प्रदेश में देश के अधिकतम करीब 14 फीसदी एमएसएमई कार्यरत हैं और इस साल 13 लाख एमएसएमई



ईकाईयों को 42 हजार सात सौ करोड़ के लोन दिए गए हैं। प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि एक साल में एमएसएमई सेक्टर को इतनी बड़ी मात्रा में लोन उपलब्ध कराया गया है। इससे निजी क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 65 लाख लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने बैंकों को चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक एमएसएमई के क्षेत्र में और अधिक प्रगति के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने हाल ही में एसएलबीसी की स्टीयरिंग उप समिति की समीक्षा की थी। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं, पीएमईजीपी, ओडीओपी और एमवाईएसवाई आदि के तहत बैंकों के स्तर पर स्वीकृति और वितरण के लिए लंबित आवेदनों पर जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एमएसएमई साथी ऐप पर बैंकों से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया। प्रदेश सरकार की ओर से पारंपरिक कारीगरों और दस्तकारों के लिए संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को सफल बनाने के लिए बैंकों को सहयोग के निर्देश दिए। एसएलबीसी के संयोजक ब्रजेश कुमार सिंह ने दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही के दौरान प्रदेश की महत्वपूर्ण बैंकिंग गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल सक्रिय जनधान खातों के सापेक्ष पीएमएसबीवाई में 41.16 फीसदी खातों को कवर किया जा चुका गया है। प्रदेश सरकार की वन जीपी, वन बीसी कार्यक्रम की शुरूआत हो गई है, जिसके तहत प्रदेश में 58 हजार बीसी सखी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। चालू वित्त वर्ष के समाप्त तिमाही तक वार्षिक ऋण योजना के तहत 1,45,850 करोड़ का ऋण वितरित किया जा चुका है। केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के अवर सचिव ने बैंकों और नाबार्ड से एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के उपयोग के लिए संभावित परियोजनाओं और उद्यमियों तक पहुंचने के लिए आवश्यक कदम उठाने का सुझाव दिया। इसके अलावा उन्होंने सुझाव दिया कि एसएलबीसी की बैठकों में समय–समय पर एनबीएफसी को भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि उनके सुझाव और प्रगति भी प्राप्त की जा सके। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डीएस चौहान ने प्रदेश में डेयरी और पोल्ट्री को बढ़ावा देने के जरूरत बताई।

## अवैध अतिक्रमण हटाकर प्राधिकरण ने खाली कराई लगभग 100 करोड़ की जमीन

अवध की आवाज

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अभिषेक प्रकाश द्वारा लखनऊ शहर में प्राधिकरण भूमि पर किये गये अवैध कब्जे तथा अतिक्रमण को हटाने के निर्देशों का असर दिखने लगा है। आज प्राधिकरण की विहित प्राधिकारी ऋतु सुहास के दिशा– निर्देशन में हनुमान सेतु मन्दिर के पीछे लगभग 35000 स्क्वायर फीट जमीन पर किये गये अवैध कब्जे तथा अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया गया। प्राधिकरण की भूमि पर वर्षों पूर्व अवैध कब्जा कर लिया गया था। खाली कराई गई भूमि की बाजार दर लगभग 100 करोड़ रूपया आंकी गई है। मौके पर प्राधिकरण के तहसीलदार राजेश शुक्ला तथा अभियंता सुरेश वर्मा के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। तहसीलदार राजेश शुक्ला ने बताया कि यह कार्यवाही भूमि खाली कराये जाने तक जारी रहेगी।



## पनकी थाने को मिली सफलता 40 कुंतल चोरी की सरिया सहित पकड़े 3 अभियुक्त

<u>कुलदीप सिंह के साथ विनय सिंह</u>

कानपुर महानगर। पनकी थानाध्यक्ष को मिली सफलता दो लाख कीमत की सरिया सहित अभियुक्त नीरज दीक्षित निवासी33ए पनकी पड़ाव अश्वनी वर्मा निवासी एस एफ100 सुंदर नगर रमेश विश्वकर्मा निवासी औरंगपुर गहदेवा



पकड़े तीन अभियुक्त पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की मुखबिर की सूचना पर सिंह पेट्रोल पम्प के पीछे झाड़ियों से40 कुंतल सरिया बरामद की गई।पकड़े गए थाना ककवन ये सभी चोरी की सरिया ट्रक पर लादकर बेचने की फिराक में थे तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर पनकी पुलिस ने तीनों को मौके से दबोच लिया।

## उत्तर प्रदेश में क्षत्रियों को मिले 15 प्रतिशत आरक्षण : आठवले

अवध की आवाज

लखनऊ (वेबवार्ता)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने उत्तर प्रदेश में क्षत्रियों को 15 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है। अठावले शनिवार को लखनऊ में थे जहां उन्होंने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि, किसी भी बिरादरी के लोग जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजारा करते हैं उन्हें आरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने क्षत्रिय समाज के लिए 15 फीसदी आरक्षण की मांग की। उन्होंने किसान आंदोलन के बारे में कहा कि हमारी सरकार किसानों के खिलाफ नहीं है। हम लोग उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कृषि कानूनों की मांग ठीक नहीं है। अगर एक कानून वापस लिया गया तो आगे इसी तरह और भी मांगें होती रहेंगी। उन्होंने किसान नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसान नेता किसानों को तकलीफ दे रहे हैं। जातीय जनगणना की पैरवी करने के साथ ही आठवले ने कहा कि महाराष्ट्र में मराठा, राजस्थान में जाट और उत्तरप्रदेश में क्षत्रिय आरक्षण मांग रहे हैं। सरकार से वह मांग कर रहे हैं कि इन सभी को 10–15 फीसद आरक्षण मिलना चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आज के वाराणसी दौरे पर तीखी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा मंदिर या कहीं भी जाएं, कांग्रेस में राहुल गांधी के रहते उस पार्टी का भला नहीं हो सकता। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा से आरपीआई को यूपी में पांच से छह सीटें देने की अपील की है। वहीं, उन्होंने जातिगत जनगणना करने की मांग करते हुए कहा कि इससे जातिवाद नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस दौरान उनकी पार्टी सभी राज्यों में चुनाव लड़ेगी। एनडीए सरकार में सहयोगी आरपीआई के अध्यक्ष ने कहा कि सभी जगह भारतीय जनता पार्टी से सीटों को लेकर बात चल रही है। जहां भी सीटों पर समझौता नहीं हो पाएगा, वहां हम एनडीए को समर्थन देंगे। उनका कहना था कि चार राज्यों में भाजपा की जीत लगभग तय है, केरल में भी भाजपा जीत सकती है। आठवले ने उत्तर प्रदेश में भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर की सक्रियता के सवाल पर कहा कि वह कोई खास प्रभाव डालने वाले नहीं हैं। वह चाहें तो आरपीआई में आ जाएं। साथ ही बसपा प्रमुख मायावती भी अगर आरपीआई में आ जाएं तो उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बना देंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलने जा रहे हैं। बढ़ती महंगाई के सवाल पर रामदास आठवले ने कहा कि केंद्र

## माघी पूर्णिमा पर ओमघाट मे डीएम व सीडीओ ने की गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान

अवध की आवाज

फतेहपुर । गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा माघी पूर्णिमा ओमघाट मे गंगा आरती का आयोजन



किया गया। इस आयोजन में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे और मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश यजमान के रूप में मौजूद रहे। सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए आरती की गई। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने आयोजन की सराहना की और कहा कि पतित पावनी मां गंगा को स्वच्छ बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है। शासन स्तर से भी गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिये कार्य किये जा रहे है। इसके साथ ही गंगा घाटों में साफ सफाई रखने के लिये कर्मचारियों को निर्देश दिये गये है। सीडीओ सत्य प्रकाश ने कहा कि गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिये लगातार शासन स्तर से काम हो रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार भी इस ओर बेहद गंभीर है। गंगा घाट के आसपास गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही भी की जा रही है। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे भक्तगणों ने घाट की साफ–सफाई की। समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि गंगा मां को स्वच्छ रखना हम सबका दायित्व है। इस मौके पर स्वामी विज्ञानानंद महाराज, गायत्री परिवार के गिरधारी लाल गुप्ता, जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरन, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता राम प्रताप सिंह गौतम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, सुनीता गुप्ता, राजकुमार शरन, उपासना शरन, भाजपा नेता संजय गुप्ता, व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य नरेंद्र गुप्ता, भाजपा नगर मंत्री यश गुप्ता, समिति के सुरेंद्र पाठक, अरुण जयसवाल एडवोकेट,मनोज सोनी, आशीष अग्रहरी, गोविंद बाबू गुप्ता, ओम अनुज गुप्ता, शिवजीत, रविकांत, अनुज, आचार्य अखिलेश तिवारी, आचार्य रामचंद्र तिवारी, अनिल कुमार मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में रहते हुए देश को लूटा–स्वतंत्र देव सिंह

अवध की आवाज

लखनऊ। मधुवन तहसील क्षेत्र के बेलौली रामपुर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति के अनावरण के उपरांत किसान जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में रहते हुए देश को लूटा। जबकि सपा ने सत्ता में रहते हुए सैफई महोत्सव के बहाने प्रदेश को कंगाल कर किया। दूसरी ओर केंद्र में मोदी जी की सरकार आने के बाद सबका विकास हुआ। इसी तरह प्रदेश की योगी सरकार अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण करते हुए माफिया राज पर बुलडोजर चला रही है। वही मऊ के मुख्तार अंसारी हो या इलाहाबाद से अतीक अहमद ऐसे लोगों को कांग्रेस पंजाब में शरण दे रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी किसी जाति धर्म के आधार पर नहीं बल्कि अंत्योदय के सिद्धांत से कार्य कर रहे हैं। मोदी जैसा बेटा धरती पर कभी –कभी जन्म लेता है। मोदी जी का 56 इंच का सीना आपकी बदौलत है। जब आपका आशीर्वाद मिलता है तो किसान सम्मान निधि जैसी कल्याणकारी योजना देश में चलती है। पक्का मकान बनता है, निःशुल्क बिजली कनेक्शन मिलता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने 1942 के क्रांति में स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के स्मृति में बने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद संत रविदास के जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री व गोरखपुर क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता, गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, वन मंत्री दारा सिंह चौहान, पिछड़ा वर्ग दिव्यांग कल्याण मंत्री अनिल राजभर, राज्य सभा सांसद सकलदीप राजभर की नीतियों एवं रीतियों से आम जन को अवगत कराया।




सीतापुर। वैश्य समाज संगठन की महिलाओं ने स्प् इंस्पेक्टर अपाला सिंह को किया सम्मानित, करोना काल में दिन रात काम किया और एक महिला के नाते जी जान से काम कर रही हैं अपने दायित्व का निर्वहन कर रही है, महिला शक्ति का अगर उदाहरण दिया जाए तो अपाला सिंह नाम अपने आप मे महिला शक्ति का एक उदाहरण है, इसलिए महिला संगठन ने उन्हें सम्मानित किया।




उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज पूज्य संत शिरोमणि गुरु श्रेष्ठ रविदास जी महाराज की जन्म स्थली वाराणसी के सिर गोवर्धन में पहुंचकर उन्हे श्रद्धा पूर्वक नमन किया और संत गुरु रविदास जन्म स्थली पब्लिक चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्य श्री पीठाधीश्वर गुरु श्री निरंजन दास जी महाराज से भी भेंट की। अनिल कुमार सिंह अवध की आवाज

# अखिलेश पूर्वाचल दौरे के आखिरी दिन संत रविदास को नमन करने पहुंचे

अवध की आवाज

वाराणस (वेबवार्ता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तीन दिवसीय पूर्वाचल दौरे के अंतिम दिन शनिवार को सीर गोवर्धनपुर में रविदास जयंती के मौके पर गुरु चरणों को नमन करने पहुंचे। उन्होंने पहले गुरु चरणों को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डेरा सच्चा बल्लखंड जालंधर में रैदासियों के धर्म प्रमुख संत निरंजन दास ने अखिलेश को प्रसाद देने के साथ ही लंगर छकने का न्योता भी दिया। सपा प्रमुख ने पहली बार रविदास जयंती के अवसर पर संत के जन्मस्थान सीर गोवर्धपुर स्थित उनके मंदिर पहुंचकर दर्शन के बाद संत की प्रतिमा के सामने मत्था टेका। अखिलेश के आने से पहले सपा के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने प्रबंधन से बात की। दर्शन–पूजन के बाद अखिलेश यादव सत्संग पंडाल की तरफ निकल गए। हालांकि, लोगों की भारी नारेबाजी की वजह से वह सभी का अभिवादन कर लौट गए। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल, पूर्व मंत्री मनोज राय धूपचंडी, पूर्व मंत्री केपी यादव, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़, सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव वीआईपी रूम में कार्यकर्ताओं और ट्रस्ट के लोगों से मुलाकात के बाद सत्संग पंडाल की तरफ निकले। लेकिन कार्यकर्ताओं की भीड़ और नारेबाजी के कारण सत्संग पंडाल और लंगर तक नहीं जा सके। मंदिर से ही उनका काफिला लौट गया। सीर गोवर्धनपुर में दर्शन–पूजन के बाद उनका काफिला यहां से सर्किट हाउस की ओर निकल गया।



सीतापुर । डा0 लाल जी प्रसाद निर्मल अध्यक्ष उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 ने टेलरिंग शाप योजना के 26 लाभार्थियों को सिलाई मशीन एवं निजी भूमि पर नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना के 14 लाभार्थियों को अपधिकार पत्र दिए।
डॉ. निर्मल ने प्रेस वार्ता में कहा कि योगी व मोदी युग दलितों के लिए विकास का स्वर्णिम काल है।

# तीन दिन पहले मरी महिला जिंदा निकली, पिता ने पति समेत छह के विरुद्ध दर्ज कराई थी दहेज हत्या की रिपोर्ट

बांदा। बांदा जिले में मृत महिला जय देवी (25) पत्नी लालजी निषाद जिंदा निकली। मौत और पोस्टमार्टम की खबरों के बाद खुद कानपुर से बांदा आकर जसपुरा थाने पहुंच गई। मृत को जिंदा देख पुलिस की परेशानी बढ़ गई। तीन दिन पूर्व केन नदी में मिले शव की शिनाख्त परिजनों ने जय देवी के रूप में की थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर रिकॉर्ड में मृतक दर्शा दिया। साथ ही पिता ने जय देवी के पति, सास, ससुर समेत 6 के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। अब जय देवी के वापस आने पर पुलिस और परिजनों में हड़कंप मच गया। उधर नदी में मिले शव को लेकर पुलिस उलझ गई है। थाना इंस्पेक्टर का कहना है मिले शव की जानकारी के लिए आसपास के थानों में संपर्क किया जा रहा है। किसकी हत्या कर नदी में शव फेंका गया? इसका पता लगाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# बस्ती मे जुआ खेलते चार जुआड़ी गिरफ्तार

बस्ती, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश मे बस्ती जिले के रूधौली थाने की पुलिस ने शनिवार को बारीजोत फायर स्टेशन बगीचे के समीप जुआ खेलते हुए चार जुआड़ियों को रंगे हाथो गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने शनिवार को यहां कहा कि जिले के रूधौली थाने की पुलिस ने सोनू,राम कदर,कृष्ण गोपाल और सनी सोनकर को जुआ खेलते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार करके उनके पास से ताश के 52 पत्ते तथा 49 सौ रूपया नगद बरामद किया। चारो के विरूद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# वर्षा जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी हरदोई। हरदोई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–द्वितीय का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन प्रातः 9.00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ प्रारम्भ हुआ। तत्पश्चात ग्रुप लीडर पूजा गुप्ता एवं दिलशाद द्वारा समस्त स्वयंसेवकों को योग, प्राणायाम एवं व्यायाम कराया गया।तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव में घर घर जाकर 16 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की प्रौढ़ साक्षरता हेतु सर्वेक्षण कार्य किया। गांव के 140 परिवारों में 798 व्यक्तियों का डाटा लिया गया जिसमें 346 महिलायें और 422 पुरुष शामिल थे। 16 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 468 व्यक्तियों में 93 व्यक्ति निरक्षर पाये गये जिसमें 57 महिलायें और 36 पुरुष थे।दोपहर भोजन के एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय वर्षा जल संरक्षण (कैच दि रैन) था। मुख्य वक्ता के रूप डॉ0 हीरा मुमताज, सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र, पिहानी ने स्वयंसेवकों को बच्चों कोविड–19 टीकाकरण विस्तार से परिचर्चा की। वर्तमान समय में घटते जल स्तर की ओर सभी स्वयंसेवकों का ध्यान




आकर्षित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों से गांव–गांव जाकर लोगों को वर्षा जल संरक्षण के बारे में जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जितेन्द्र कुमार, डॉ0 माला पाठक एवं कर्मचारी सत्यपाल व मानसिंह मौजूद रहे। सायंकालीन सत्र के अन्तर्गत स्वयंसेवकों के बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता का विशेष शिविर के पांचवें दिन का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। समस्त दैनिक कार्यों एवं भोजन व्यवस्था को शिव ओम सिंह, सुरजीत, विमला, सुभाषिनी, बीटू, उमा देवी, प्रिया देवी की टीम द्वारा धन्यबाद किया गया।

# चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के तहत अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद के 91वें बलिदान दिवस के अवसर पर बदरका में उनके स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम:

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) आजादी हमें मांगने से नही अपितु लाखों वीरो के खूंन से मिली है। चन्द्र शेखर आजाद जैसे लोग एक पल भी अपने परिवार के लिये नही बल्कि देश के लिये जिये और देश के लिये मरे। उन्हें कोई गोली मार नही सकती वह अजर अमर हैं। यह उद्गार चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के तहत अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद के 91वें बलिदान दिवस के अवसर पर बदरका में उनके स्मारक पर आयोजित एक कार्यक्रम में सांसद सचिदानन्द हरि साक्षी महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम बापू का सम्मना करते है। लेकिन आजादी का श्रेय उन लाखों लोगों को मिलना चाहिये जिन्होंने छोटी उम्र में अपने प्राणों की आहुति दे दी। वीरो की याद में मनाए जाने हेतु शताब्दी वर्ष के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते कहां कि तूने अमर शहीदों की याद में बहुत सारी योजनाएं चलाई हैं ताकि हर जनपद में अमर शहीदो की याद की जाए।




# बहू के हत्यारोपी पूर्व प्रधान की कोर्ट परिसर में मौत, अचानक होने लगी खून की उल्टी

## अपर जिला जज तृतीय के न्यायालय में चल रहा है मामला 2013 में दर्ज हुआ था केस, पत्नी और बेटा भी हैं नामजद

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बहू की हत्या के आरोपी पूर्व प्रधान की शुक्रवार की सुबह अपर सत्र न्यायाधीश पास्को के कक्ष के निकट मौत हो गई। मुकदमे में डॉक्टर का बयान होना था। उनकी पत्नी पर भी अपर जिला जज तृतीय के न्यायालय में केस चल रहा है। लार थाना क्षेत्र के रक्सा गांव निवासी बाल किशुन (62) गांव के प्रधान रह चुके हैं। उनके पुत्र राम प्रवेश की शादी सलेमपुर कोतवाली के खोखावंशी गांव निवासी सीमा देवी से हुई थी। वर्ष 2013 में बहू की मौत हो गई थी। भाई की तहरीर पर लार थाने में बालकिशुन, उनकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज हुआ था। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद एडीजे तृतीय के न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। शुक्रवार को डॉक्टर का बयान होना था। सुबह वह अपने अधि ावक्ता सुरेश शर्मा के पास कचहरी में पहुंचे। मुकदमे की पैरवी संबंध ाी वार्ता के बाद न्यायालय के पहुंचे। इसी बीच कुछ समय के लिए वह अपर सत्र न्यायाधीश पास्को कक्ष के सामने बरामदे में चले गए थे। सुबह करीब 10रू50 बजे बरामदे में उनको खून की उल्टी होने लगी और अचेत हो गए। अधिवक्ताओं और न्यायालय कर्मियों ने एंबुलेंस से उनको जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी के डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। डॉ. एनके पांडेय ने बताया कि बालकिशुन को मृत हालत में लाया गया था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए पाकेट की तलाशी ली लेकिन कोई भी ऐसा कागजात नहीं मिला, जिससे उनकी पहचान हो सके। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंहासन गिरि और मृतक के अधिवक्ता ने पहचान कर परिवार के लोगों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उनके पुत्र ने शव की शिनाख्त की। सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार में कोहराम मच गया। काफी संख्या में लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। देर शाम जब शव घर पहुंचा लोग दहाड़े मार कर रोने लगे।

# ससेना के प्राथमिक विधालय में शनिवार को अध्यापक और अभिभावको की बैठक की गई।

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सीतापुर– विकास खंड सिधौली की ग्राम पंचायत ससेना मजरा रमनगरा के प्राथमिक विद्यालय में आज अध्यापक और अभिभावकों की बैठक की गई। जिसमें प्रधानाध्यापक मोनिका सिंह ने बताया कि कोरोना एक ऐसी बीमारी है। जो एक दूसरे के संपर्क में आने से होती है। जिस किसी को सर्दी जुकाम हो तो उनको तुरंत डॉक्टर की सलाह अवश्य लेनी चाहिए। सभी लोगों को मास्क लगाना चाहिए।सोसल डिसटेंसिग की दूरी बहुत जरूरी है। विद्यालय में बच्चो के माता पिता को बुलाकर पूछा गया की वे अपने बच्चो को स्कूल भेजने के लिए सहमत है कि नहीं अगर आप सहमत तो अपने रोजना ना भेजकर सिर्फ हफ्ते दो बार अपने बच्चों को विद्यालय भेजो।जिससे बच्चो में आपस में दूरी बनी रहेगी। बच्चो



को घर पर भी ध्यान दे।जिसमें अध्यापकगण गरिमा तिवारी, नयन मिश्रा, अखलेश यादव,अध्यक्ष रमेश कुमार उपअध्यक्ष, विनोद कुमार, कोटेदार अजय सिंह, रामप्रकाश सिंह सदस्य जगदीश उमेश, बिटना ,राधा कुर्बान अली बिना, सदस्य उपस्थिति रहे।

# गुमशुदा बच्चियों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। शनिवार को समय करीब 08.00.00 बजे सुबह सूचना मिली कि मोहल्ला राजीवनगर खन्ती शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव से सूचना कर्ता रतन कुमार मजूमदार पुत्र अरुण कुमार मजूमदार निवासी मोहल्ला राजीवनगर खन्ती शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव की पुत्रियाँ 1. रोशनी उम्र 07 वर्ष व 2.सुहानी उम्र 05 वर्ष कल दिनांक 26.02. 2021 को समय 08.30 बजे शाम घर के बाहर खेल रही थी कि घर से कहीं चली गई है । इस सूचना पर थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये गुमशुदा बच्चियों को मो0 मिश्रा कालोनी से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गय।



# यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन उपजा कार्यकारिणी की बैठक वृंदावन मैरिज हाल गोंडा में हुई संपन्न

अवध की आवाज ब्यूरो

मनकापुर गोण्डा। यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा कार्यकारिणी की बैठक कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए आज वृंदावन मैरिज लॉन गोंडा में प्रदेश अध्यक्ष माननीय जी सी श्रीवास्तव जी प्रदेश महामंत्री रईस अहमद जी के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें जिले के विभिन्न मीडिया चौनलों इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया के तमाम वरिष्ठ पत्रकारों ने हिस्सा लिया बैठक में पत्रकारों को फर्जी मुकदमे में फसाने रिपोर्टिंग के दौरान उन पर हमला करने पर विशेष बल देते हुए चर्चा की गई जिसमें पुनीता मिश्रा को जो एक महिला पत्रकार हैं खबर कवरेज के दौरान उन पर मुकदमा दर्ज किया गया था उस मामले पर विस्तृत चर्चा हमारे उपजा कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य गणों ने मिलकर किया इस मौके पर श्रवण कुमार महामंत्री तहसील मनकापुर, इमरान , एचपी श्रीवास्तव ,अनूप श्रीवास्तव , मुस्ताक अहमद , जिताऊ राम मौर्या ,सियाराम पांडे, मोहसिन रजा रिजवी, देवीदीन गोस्वामी ,हंसराज शर्मा ,अशोक ओझा पवन कुमार ,विजय सिंह ,पुनीता मिश्रा ,सरोज मौर्या आदि दर्जनों पत्रकारों ने हिस्सा लिया।



# गुजरात के चार प्रमुख शहरों में रात्रिकालीन कर्फ्यू 15 दिन के लिए बढ़ाया गया

अहमदाबाद, (वेबवार्ता)। गुजरात सरकार ने हाल ही में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने के बाद अहमदाबाद सहित राज्य के चार प्रमुख शहरों में लगाया गया रात का कर्फ्यू 15 दिन और बढ़ाने का निर्णय किया है। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट में रात के कर्फ्यू की अवधि 28 फरवरी को समाप्त हो रही थी। शुक्रवार रात जारी एक बयान में कहा गया कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामले हाल में बढ़ने के बाद सरकार ने चार नगर निगमों में रात का कर्फ्यू 15 दिन और बढ़ाने का फैसला किया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दीपावली के बाद इन शहरों में संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद पहली बार रात का कर्फ्यू लगाया गया था और यह पांचवीं बार है जब रात्रि कर्फ्यू की अवधि को बढ़ाया गया है। यह कर्फ्यू आधी रात से शुरू हो कर सुबह छह बजे तक चलता है, लेकिन बयान में यह नहीं बताया गया है कि बढ़ाए गए रात्रिकालीन कर्फ्यू का वक्त क्या रहेगा। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शुक्रवार को गुजरात में संक्रमण के हालात की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसके बाद यह बयान जारी किया गया है। बयान के अनुसार राज्य में कोविड–19 टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में कुल 4. 82 लाख स्वास्थ्य कर्मियों में से 4. 07 लाख से अधिक को टीके की पहली खुराक दी गई थी। इसमें कहा गया कि अब तक 1.23 लाख स्वास्थ्य कर्मियों को टीके की दूसरी खुराक दी जा चुकी है।

# शर्ट चोरी करने पर सिपाही की पिटाई करने वालों पर मुकदमा दर्ज, मॉल के मैनेजर भी फंसे

लखनऊ। लखनऊ के हुसैनगंज के वी–मॉर्ट मॉल में चोरी करते पकड़े गए सिपाही को पीटने वालों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने मॉल के मैनेजर विश्वास मिश्रा, गार्ड अजीज व कर्मचारी विजय कुमार सहित दर्जन भर लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक हुसैनगंज दिनेश सिंह बिष्ट के मुताबिक, सिपाही आदेश कुमार पुलिस लाइन में तैनात है। वह हुसैनगंज चौराहे पर स्थित वी–मॉर्ट मॉल गया था। उसने वहां तीन शर्ट पसंद कीं और पहनने के बाद ऊपर से वर्दी पहन ली। मॉल से निकलने लगा तो कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया और वर्दी में होने के बाद भी उसकी पिटाई की। इसके बाद उन्हीं लोगों ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करवाया। बता दें कि हुसैनगंज के वी–मॉर्ट मॉल में चोरी करते हुए सिपाही को लोगों ने दबोच लिया था। उसकी जमकर धुनाई की।



इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी सिपाही ने वर्दी के नीचे चोरी की तीन शर्ट पहन रखी थी। इस वारदात का वीडियो गुरुवार देर शाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। वहीं उसके खिलाफ जांच का आदेश भी दे दिया है। प्रभारी निरीक्षक हुसैनगंज दिनेश कुमार बिष्ट के मुताबिक, सिपाही आदेश कुमार पुलिस लाइन में तैनात है। वह हुसैनगंज चौराहे पर स्थित वी–मॉर्ट मॉल गया था। उसने वहां तीन शर्ट पसंद कीं। उसे पहनने के बाद ऊपर से वर्दी पहन ली। फिर मॉल से निकलने लगा।इसी बीच कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया। कर्मचारियों ने जब दबोचा तो वह उन पर रौब गांठने के बाद उनसे हाथापाई करने लगा। इसी बीच कर्मचारियों ने उसकी वर्दी उतारने की कोशिश की। इस दौरान वर्दी के नीचे शर्ट दिखीं। शर्ट चोरी के खुलासे के बाद कर्मचारियों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौकेपर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

# मुरादाबाद में मुख्य आरक्षी ने की आत्महत्या

मुरादाबाद, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के मझोला क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस में तैनात जवान ने शनिवार को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरक्षी सुनील कुमार (45) रामपुर ट्रैफिक पुलिस में तैनात था और पिछले कुछ समय से अवसाद से पीड़ित चल रहा था। उसने आज सुबह मुरादाबाद में मझोला क्षेत्र के खुशहालपुर रोड स्थित अपने घर में अवैध तमंचे से खुद को गोली मार ली। घर पर मिले दवाओं के पर्चे आदि से अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक हेड कांस्टेबल पिछले कुछ समय से अवसादग्रस्त था। उन्होने बताया कि परिजनो के अनुसार मृतक जवान का लंबे समय से डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। घटनास्थल का निरीक्षण उच्चाधिकारी एवं एफएसएल टीम द्वारा किया गया है, अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सम्पादकीय

## अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल न्यूज के लिए गाइडलाइन जारी की। सरकार ने कहा कि आलोचना और सवाल उठाने की आजादी है, पर सोशल मीडिया के करोड़ों यूजर्स की शिकायत निपटाने के लिए भी एक फोरम होना चाहिए। कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सोशल मीडिया पर अगर किसी की गरिमा (खासतौर महिलाओं से जुड़े मामले) को ठेस पहुंचाने वाले कंटेंट की शिकायत मिलती है तो 24 घंटे में इसे हटाना होगा। वहीं, देश की सुरक्षा जैसे मामलों से जुड़ी जानकारी शेयर करने पर फर्स्ट ओरिजिन भी बताना होगा। वहीं सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ओटीटी और डिजिटल न्यूज पोर्टल्स के बारे में कहा कि उन्हें खुद को नियंत्रित करने की व्यवस्था बनानी चाहिए। जिस तरह फिल्मों के लिए सेंसर बोर्ड है, वैसी ही व्यवस्था ओटीटी के लिए हो। इस पर दिखाया जाने वाला कंटेंट उम्र के हिसाब से होना चाहिए। सोशल मीडिया में फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन के इस्तेमाल बनाम गलत इस्तेमाल को लेकर लंबे वक्त से डिबेट चल रही थी। इस मामले में अहम मोड़ किसान आंदोलन के वक्त से आया। 26 जनवरी को जब लाल किले पर हिंसा हुई तो सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों पर सख्ती बरती। सरकार का कहना था कि अगर अमेरिका में कैपिटल हिल पर अटैक होता है तो सोशल मीडिया पुलिस कार्रवाई का समर्थन करता है। अगर भारत में लाल किले पर हमला होता है तो आप डबल स्टैंडर्ड अपनाते हैं। ये हमें साफतौर पर मंजूर नहीं है। इस मामले की शुरुआत 11 दिसंबर 2018 से हुई, जब सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि वह चाइल्ड पोर्नोग्राफी, रेप, गैंगरेप से जुड़े कंटेंट को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से हटाने के लिए जरूरी गाइडलाइन बनाए। सरकार ने 24 दिसंबर 2018 को ड्राफ्ट तैयार किया। इस पर 177 कमेंट्स आए। बहरहाल, हम कह सकते हैं कि आखिरकार सरकार ने भारतवासियों की बात सुन ली है। सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं, हालांकि ये उतने सख्त कदम नहीं हैं, जितने होने चाहिए थे। लेकिन, सरकार ने विदेशी कंपनियों को साफ संकेत दे दिए हैं कि अगर भारत में रहना है, यहां की मलाई खानी है तो आप कानून का पालन किए बगैर आगे नहीं बढ़ सकते। कहीं न कहीं, सर्विस प्रोवाइडर भी बहुत मनमानी कर रहे थे, सरकार को ललकार रहे थे कि हम नहीं करते कानून का पालन, आप क्या कर लेंगे। अब सरकार ने एक ही झाड़ू फेरकर तमाम सर्विस प्रोवाइडर और ओटीटी प्लेटफॉर्म को अपने शिकंजे में ले लिया है। कानूनी धाराओं में इन्हें कवर कर लिया है। डिजिटल मीडिया के लिए जारी हुई नई गाइडलाइन का सबसे बड़ा फायदा उन यूजर्स को मिलने जा रहा है, जिनकी सोशल मीडिया या इत्र्जत्र्ज के खिलाफ शिकायतें अब तक नहीं सुनी जाती थीं। सबसे ज्यादा नकेल बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों पर कसी गई है। उन्हें गाइडलाइन पर अमल के लिए तीन महीने का वक्त मिला है। हालांकि, सरकार इस सवाल का जवाब टाल गई कि गंभीर आपत्तिजनक कंटेंट के मामलों में जेल किसे होगी? यूजर को या सोशल मीडिया को?

किसी भी लोकतांत्रिक समाज और देश की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि वहां वैचारिक सहमति और असहमति को अभिव्यक्त करने की आजादी एक अधिकार के रूप में स्वीकार्य हो। लेकिन कई बार देखा जाता है कि अभिव्यक्ति की निर्बाध आजादी का इस्तेमाल कुछ लोग इस तरह करने लगते हैं जिससे भावनाओं के भड़कने और यहां तक कि अराजकता फैलने की आशंका खड़ी हो जाती है। खासतौर पर जब से सोशल मीडिया के अलग–अलग मंचों का विस्तार हुआ है, उस पर अपनी राय जाहिर करने की सुविधा तक बहुत सारे लोगों की पहुंच बनी है, तब से एक बड़ी आबादी को अपनी अभिव्यक्ति की आजादी के लिए एक नया आाकाश जरूर मिला है, लेकिन इसके बरक्स ऐसे तमाम लोग भी हैं, जो इन मंचों का इस्तेमाल अपनी कुत्सित मंशा को पूरा करने के लिए करने लगे हैं। ऐसी घटनाएं अक्सर दर्ज की गई हैं, जो महज एक व्यक्ति के आधे–अधूरे तथ्यों के आधार पर फैलाए गए भ्रम के चलते होती है और उसमें नाहक ही जानमाल का नुकसान हो जाता है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया के मंचों पर ऐसी हरकतें करने वाले लोगों की वजह से कभी झूठी धारणा तो कभी अराजकता फैल जाती है, लेकिन इसके नुकसानों की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता है। शायद इसी के मद्देनजर सरकार ने अगले तीन महीने में एक कानून लाने की घोषणा की है, जिसके जरिए डिजिटल माध्यमों पर सामग्रियों को नियमित किया जा सकेगा और इसके लिए जिम्मेदारी तय की जा सकेगी। सरकार का मानना है कि सोशल मीडिया गलत तस्वीर दिखाने को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थींय चूंकि अपराधी भी इसका इस्तेमाल करने लगे हैं, इसलिए ऐसे मंचों से संबंधित एक नियमित तंत्र होना चाहिए।

# पश्चिम बंगाल का भाग्य बदलने के लिए जरूरी है वहां सत्ता में परिवर्तन

आज पश्चिम बंगाल के चुनाव का मुद्दा राष्ट्रीय चर्चा एवं चिन्ता की प्राथमिकता लिये हुए है। संभवतः आजादी के बाद यह पहला चुनाव है जो इतना चर्चित, आक्रामक होकर राष्ट्रीय अस्मिता एवं अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। इसलिये जरूरी है कि अब पश्चिम बंगाल पर औपचारिक या राजनीतिक लाभ वाले भाषण नहीं हों। जो कुछ हो वह साफ–साफ हो। एक राय का हो। पश्चिम बंगाल की अखण्डता, लोकतांत्रिक समाधान और उसे शांति एवं समृद्धि की ओर ले जाना देश की प्राथमिकता की सूची में पहले नम्बर पर होना चाहिए। देश के अल्पसंख्यक क्यों भूल जाते हैं कि पश्चिम बंगाल सुरक्षित नहीं तो वे कैसे सुरक्षित रह सकते हैं, उनका मौन बहुत बड़ा अहित कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत संकल्प शक्ति के कारण जम्मू–कश्मीर की फिजा बदली है। उनकी राष्ट्रीयता एवं उसे मजबूती देने का संकल्प उनका सबसे बड़ा राजनीतिक गुण है और यह बात आम मतदाता को आसानी से समझ भी आती है। निस्संदेह, हर इंसान की कुछ न कुछ चाहत होती है, लेकिन उसे कामयाबी तभी मिलती है, जब उसकी इच्छाशक्ति मजबूत हो। आज पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के सशक्तीकरण एवं राजनीतिक परिवर्तन की अपेक्षा सभी कोई महसूस कर रहे हैं। इसी अपेक्षा के रथ पर भारतीय जनता पार्टी ने सवार होकर इसे एक चुनौती के रूप में लिया है और इसी अनुरूप चुनावी संकल्पों की संरचना एवं रणनीति बनाने में वह जुटी है। इसी कारण पश्चिम बंगाल ऐसे ही संकल्पों का रणक्षेत्र बन गया है। भाजपा ने जिस तरह से इसे कुरुक्षेत्र का मैदान बना दिया है, यहां परिवर्तन लाना और ममता बनर्जी का राजनीतिक नियंत्रण खत्म करना भाजपा का सबसे बड़ा लक्ष्य है। यही कारण है कि गृहमंत्री एवं पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले सबसे कद्दावर नेता अमित शाह लम्बे समय से अपनी सारी शक्ति, सोच एवं ऊर्जा पश्चिम बंगाल में खपा रहे हैं। निश्चित ही उनके हर दिन के प्रयत्न पार्टी में कुछ नया उत्साहपूर्वक परिवेश बना रहे हैं, पार्टी की जीत को सुनिश्चित कर रहे हैं। बावजूद इसके पार्टी नेतृत्व जानता है कि ममता को कमतर आंकना उसकी भूल साबित होगी। ममता बनर्जी एक जुझारू एवं जमीन से जुड़ी नेता हैं। उनका एक राजनीतिक वजूद है, जनता पर उसकी पकड़ है। उसकी स्वतंत्र सोच है, जीत किस तरह सुनिश्चित की जा सकती है, यह गणित उन्हें भलीभांति आता है। उन्हें परास्त करना एक बड़ी चुनौती है।

भाजपा ने स्वल्प समय में सफलता के नये कीर्तिमान गढ़े हैं, नरेन्द्र मोदी ने तो अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता, नेतृत्व क्षमता एवं कौशल से अनेक अनूठे एवं राजनीतिक कीर्तिमान गढ़े ही हैं। लेकिन जब अमित शाह भाजपा के अध्यक्ष बने थे, तभी उन्होंने संकल्प व्यक्त किया था कि भाजपा को अखिल भारतीय पार्टी बनाना एवं गैरभाजपा प्रांतों में भाजपा की सरकारें बनाना उनका सपना है। उन्होंने साफ–साफ कहा था कि पूर्व और दक्षिण में भाजपा कमजोर है, जिसे मजबूत बनाने की तरफ ध्यान दिया जाएगा। आज पूर्वोत्तर तक में पार्टी पहुंच गई है, जबकि दक्षिण में कर्नाटक में उसका झंडा लहरा रहा है। ऐसे में, स्वाभाविक तौर पर उनकी नजर पश्चिम बंगाल पर है, जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील और सांस्कृतिक रूप से बेहद उर्वर राज्य है।

असम में भाजपा की सरकार है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में एक रैली को संबोधित करते हुए संकेत दिया कि मार्च 2021 के पहले हफ्ते में चुनाव आयोग वहां चुनाव तारीखों की घोषणा कर सकता है। बहरहाल, असम के साथ ही पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी चुनाव होने वाले हैं और इनकी धमक काफी पहले से सुनाई दे रही है। भाजपा ने चुनाव चाहे नगरपालिका के हों या पंचायतों के, विधानसभा के हो या लोकसभा के, उसे जहां पहली बार अपनी सहभागिता करनी थी एवं जहां जीत का परचम फहराना था, वहां उसके लिये कोई चुनाव छोटा या गैरमामूली नहीं होता। हैदराबाद के नगरपालिका चुनावों पर भी भाजपा की हफ्तों चहल–पहल हमने हाल में देखी है। लोकतंत्र के लिए निश्चित रूप से यह एक अच्छी बात है, इस सदाबहार चुनावी गहमागहमी की अगुआई भाजपा कर रही है। उसी ने इसको शुरू किया और वही आगे भी बढ़ा रही है।

इस बार चुनाव तो पांच विधानसभाओं के होने वाले हैं लेकिन दो राज्यों से ज्यादा ही चुनावी उग्रता एवं गहमागहमी की खबरें आ रही हैं। असम, जहां बीजेपी सत्ता में है और पश्चिम बंगाल, जहां वह पहली बार सत्ता की दौड़ में शामिल है। केरल में वाम मोर्चे की सरकार को चुनौती कांग्रेस की तरफ से है जबकि तमिलनाडु में मुख्य लड़ाई एआईएडीएमके और डीएमके के बीच है। पुडुचेरी में बीजेपी का कोई निर्वाचित विधायक नहीं है लेकिन तीन मनोनीत विधायकों के जरिये वहां विधानसभा में उसकी उपस्थिति बनी हुई है। केरल में मेट्रोमैन ई. श्रीधरन के भाजपा में आने और पुडुचेरी में छह विधायकों के इस्तीफे के कारण नारायण सामी सरकार गिरने के बाद कहा जाने लगा है कि इन राज्यों के चुनाव में भी भाजपा का दखल निर्णायक रहेगा। एक कमाल की बात इधर यह हुई है कि 'प्यार और जंग में सब जायज है', वाले सूत्रवाक्य में चुनाव में भी सब जायज ही जायज है, भले श्रीधरन की उम्र 80 हो। चुनाव में राजनीतिक दबाव बनाने के लिये सभी तरीकों को आजमाया जाना भी सभी आदर्श की बातों को किनारे कर देता है, बंगाल में भाजपा की सरकार का दावा किया जा रहा है और यह हकीकत बन भी सकता है क्योंकि ममता का पूरा ध्यान चुनाव में जीत पर केन्द्रित है और इसके चलते वह बंगाल के लिए कुछ ठोस करने में विफल साबित हुई हैं। यही वजह है कि आज भाजपा विकास की बात करते हुए साम–दाम–दंड–भेद, हर नीति को अपना रही है। उदाहरण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर पर सीबीआई टीम का पहुंचना है। घोटाले के हर आरोप की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी ही चाहिए, लेकिन जांच एजेंसियों की इस तेजी को चुनावों से जोड़कर देखने के लिए किसी अतिरिक्त प्रयास की जरूरत नहीं है।

भाजपा एवं तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक धमासान छिड़ा हुआ है, नरेंद्र मोदी और ममता बनर्जी दोनों के लिये यह चुनाव राजनीतिक प्रतिष्ठा का चुनाव है, इसलिये येन–केन–प्रकारेण जीत को सुनिश्चित करना दोनों का लक्ष्य है। इसके लिये 'जैसे को तैसा' का राजनीतिक दांव चला जा रहा है। एक आरोप उधर से उठता है, तो दूसरे यहां से लगाए जाते हैं। हालांकि, दोनों राजनीतिक योद्धाओं में समानताएं भी खूब हैं। दोनों जमीनी नेता हैं और उन्हें विरासत में राजनीति नहीं मिली। दोनों को राजनीति में महारत हासिल है और दोनों लोकप्रिय भी खूब हैं– मोदी देश में, तो ममता राज्य में। ऐसे में, पूरा चुनाव मोदी बनाम ममता बन गया है। हालांकि, ममता के सामने मोदी को खड़ा करना भाजपा की मजबूरी भी है, क्योंकि राज्य में उसका कोई चेहरा नहीं है। देखा जाए, तो यही भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती भी है।

पांच चुनावों में सबसे आक्रामक चुनाव बंगाल का होने जा रहा है। इस चुनाव में राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप का स्तर एवं भाषा में जबर्दस्त गिरावट देखने को मिल रही है, तू–तू, मैं–मैं हो रही है। दोनों दल एक–दूसरे को सीधे–सीधे टक्कर दे रहे हैं। दोनों के लिये सिद्धान्त से अधिक अहमियत सत्ता की है। लेकिन बंगाल के लिये ज्यादा जरूरी अराजकता एवं अस्थिरता मिटाने के लिये सक्षम एवं प्रभावी नेतृत्व की है, जो भी दल आये उसकी नीति एवं निर्णय में निजता से अधिक निष्ठा की जरूरत है।

–ललित गर्ग


# कार में ट्रक ने मारी टक्कर बाल-बाल बचे दंपत्ति

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। कल्यानपुर कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास एक कार को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक ने टक्कर मार दिया है जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है ईश्वर का संयोग अच्छा था जिससे कार में बैठे दंपति बाल–बाल बच गए हैं मामले की सूचना पाकर



मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची है। और सड़क से कार को साइड हटाकर रास्ता शुरू कराया है। जानकारी के मुताबिक उन्नाव निवासी नरेश चंद्र अग्निहोत्री पुत्र गोमती नारायण अग्निहोत्री अपनी पत्नी कथा अग्निहोत्री वा कार ड्राइवर के साथ उन्नाव से बनारस रिश्तेदारी कार नम्बर यूपी 35 ए एस 3157 से जा रहे थे जैसे ही अग्निहोत्री दंपति कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग कल्यानपुर पहुँचे कि पीछे से आ रही ट्रक नंबर यूपी 70 डीटी 2806 ने कार को जैसे ही ओवरटेक किया कि कार में साइड से ट्रक का



आगे का हिस्सा फस गया ओवरटेक के चक्कर में कार में ट्रक फस जाने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई इस दुर्घटना में कार में बैठे दंपति नरेश चंद्र अग्निहोत्री पुत्र गोमती नारायण अग्निहोत्री उनकी पत्नी कथा अग्निहोत्री उनका ड्राइवर बाल बाल बच गए ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल चौकी इंचार्ज टेढ़ी मोड़ शहजादपुर राकेश शर्मा अपने हमराहियो के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिए। और कार को सड़क के किनारे लगाया।

# महिला के साथ गैंगरेप के बाद प्राइवेट पार्ट में लगा दी आग, हालत गंभीर

सीतापुर, (वेबवार्ता)। यूपी के सीतापुर में एक हैवानियत की हद पार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक महिला को बंधक बनाकर पहले उसके साथ गैंगरेप किया गया और फिर उसके प्राइवेट पार्ट में आग लगा दी। दरिंदों से बचकर महिला बाजार की तरफ भागी और लोगों को बताया, जिसके बाद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को देकर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। आरोप है कि पुलिस ने कई घंटों तक मीडिया को घटनास्थल और हॉस्पिटल से दूर रखा। पुलिस का कहना है कि महिला से दुष्कर्म की बात सामने आई है और आरोपी बाप–बेटे को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है। यह घटना नैमिषारण्य कोतवाली क्षेत्र के जोगी बाजार इलाके की है। आरोपी बाप–बेटे ने घर में बंधक बनाकर महिला से गैंगरेप किया और फिर उसके प्राइवेट पार्ट सहित निचले हिस्से को आग के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बीती रात इस महिला को बाप–बेटा उठाकर लाए और गैंगरेप किया। स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार दोपहर जब महिला हैवानों के चंगुल से छूटकर बाजार पहुंची तो उसने पूरी बात बताई। डॉक्टरों के अनुसार महिला 30: जली हुई है वह अपने साथ रेप होने की भी बात कह रही है। पुलिस ने मामले में आरोपी बाप–बेटे को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बाप–बेटे से पूछताछ की जा रही है।

# दिल्ली पुलिस के एएसआई ने पीसीआर वैन में खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

नयी दिल्ली, (वेबवार्ता)। दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने शनिवार की सुबह पश्चिम दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर पर ड्यूटी के दौरान पीसीआर वैन में अपनी सर्विस पिस्तौल से कथित रूप से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने इस बारे में बताया। अधिकारियों ने बताया कि एएसआई तेज पाल (55) पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में तैनात थे। वह गाजियाबाद के राजनगर में रहते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सुबह करीब सात बजे सूचना मिली और घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एएसआई ने कथित रूप से अपने सीने में गोली मारी थी। उन्होंने बताया कि पीसीआर वैन के ड्राइवर एएसआई को एबीजी अस्पताल ले गये जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अपराध शाखा की टीम ने पीसीआर वैन का मुआयना किया। मामले की जांच जारी है।

## उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने संत–कवि रविदास को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली, (वेबवार्ता)। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत–कवि रविदास को उनकी जयंती पर शनिवार को श्रद्धांजलि दी। नायडू ने ट्विटर पर लिखा, ' महान कवि–संत गुरु रविदास जी को उनकी जयंती पर आज मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। रविदास जी सार्वभौमिक भाईचारे में विश्वास करते थे और उन्होंने अपनी रचनाओं तथा शिक्षाओं से एकता का संदेश फैलाया है। आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं तो, उनकी शिक्षाओं का अनुसरण भी करें और संकल्प लें कि उनके दिखाए गए मार्ग पर चलेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सदियों पहले संत रविदास द्वारा समानता, सद्भावना और करूणा पर दिया गया संदेश देश के लोगों को पीढ़ियों तक प्रेरित करेगा। उन्होंने ट्वीट किया, ' उन्हें (संत रविदास को) उनकी जंयती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। 'प्रधानमंत्री ने 'माघ पूर्णिमा'' के अवसर पर लोगों को बधाई भी दी।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। उन्नाव सफीपुर थाना क्षेत्र में परियर घाट में गंगा स्नान को चलते क्षेत्राधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिनांक 27.2.21को क्षेत्राधिकारी सफीपुर महोदय द्वारा थाना सफीपुर क्षेत्रांतर्गत परियर घाट गंगास्नान में लगे पुलिस बल को चेक किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 91 बलिदान दिवस पर उनके पावन जन्म ग्राम बदरका में श्रद्धांजलि अर्पित करते सांसद साक्षी जी महाराज उन्नाव, जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार जी, मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार प्रजापति व अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ट्रस्ट के महामंत्री राजेश शुक्ला।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना अजगैन पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबन्धित को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

## कासगंज में गंगा में पांच डूबे,तीन बचाये गये

कासगंज, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में कासगंज के सिकंदरपुर क्षेत्र में माघ पूर्णिमा के मौके का गंगा स्नान के दौरान पांच श्रद्धालु नदी में डूब गये जिनमें से तीन को बचा लिया गया। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि आज बड़ा गंगा स्नान के मौके पर कादरगंज गंगा घाट पर बड़ी संख्या में स्नानार्थी जुटे थे कि इस बीच स्नान कर रहे दो लोग पैर फिसलने के कारण नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गये जिन्हे बचाने के प्रयास में एक एक कर तीन और लोग डूबने लगे। उन्होने बताया कि आसपास मौजूद गोताखोरों ने तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि दो की तलाश की जा रही है। लापता गोविंद और अनुज रिश्ते में मामा भांजा बताये गये है। पुलिस के गोताखोर जाल डाल कर डूबे युवकों को तलाश कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा गोंडा का चुनाव

*28 फरवरी रविवार को गांधी पार्क टाउन हॉल में संपन्न होगा*

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोण्डा। आगामी 28 फरवरी रविवार को प्रातः 10 बजे से उ0प्र0 श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा गोण्डा का त्रिवार्षिक जिला एंव तहसील कार्यकारिणी का चुनाव गांधी पार्क टाउन हॉल में सम्पन्न होंना है।चुनाव सम्पन्न कराने के लिये दो चुनाव अधिकारी वरिष्ठ पत्रकार एसपी मिश्रा व अंचल श्रीवास्तव के देख रेख में सम्पन्न होगा।जिला कार्य कारिणी में एक पद जिला अध्यक्ष,4 पद उपाध्यक्ष,4 पद मन्त्री,एक वरिष्ठ महा मंत्री, एक एक पद कोषाध्यक्ष और प्रचार मंत्री तथा चारो तहसीलों में एक एक तहसील अध्यक्ष,मंत्री,उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद का चुनाव होना है।उक्त पदों के लिये जिले भर से प्रिंट,इलेक्ट्रानिक,पोर्टल के 197 सदस्य मतदाता मतदान करेंगे।28 को मतगड़ना और चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा ने दी है।

## शाहरुख खान की 'पठान' के लिए फिल्म सिटी में बना अफ्रीकन हथियार मार्केट

मुंबई, (वेबवार्ता)। शाहरुख खान की आने वाली फिल्म 'पठान' की जब से घोषणा हुई है तभी से यह लगातार चर्चा में बनी हुई है। अब इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। खबर हैं कि हाल में सलमान खान ने भी इस फिल्म में अपने कैमियो की शूटिंग शुरू की है। इस शूटिंग में कोरोना की गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन किया जा रहा है और बाहर के लोगों की एंट्री सेट्स पर बैन कर दी गई है। अब खबर है कि इस फिल्म के लिए मुंबई की फिल्म सिटी में अफ्रीकन हथियार मार्केट तैयार किया गया है। फिल्म में शाहरुख खान एक रॉ एजेंट का किरदार निभा रहे हैं और जो अंडरकवर मिशन पर जाता है। इसी मिशन के दौरान इस एजेंट को अफ्रीकन हथियार मार्केट में जाना होता है। गौरतलब है कि इस फिल्म में शाहरुख के कुछ ऐक्शन सीन भी फिल्माए गए हैं। सूत्रों की मानें तो यह शूटिंग हाल ही में सुबह के समय की गई। वैसे खबर है कि कोरोना के एक बार फिर बढ़ते खतरे को देखते हुए सलमान खान अभी शूटिंग शुरू करने के मूड में नहीं थे, लेकिन चूंकि वह कमिटमेंट कर चुके थे, ऐसे में उन्होंने सख्त नियमों के बीच शूटिंग शुरू कर दी। बता दें कि इस फिल्म में सलमान खान अपने 'टाइगर' वाले रोल में ही नजर आएंगे।

## कंगना के खिलाफ राजद्रोह: उच्च न्यायालय ने बांद्रा की अदालत से दस्तावेज मांगे



मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बांद्रा की अदालत से कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल के खिलाफ राजद्रोह मामले से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। रनौत और चंदेल के वकील रिजवान सिद्दीकी ने अदालत से कहा कि मामले में शिकायतकर्ता द्वारा मजिस्ट्रेट के समक्ष सौंपे गए दस्तावेज और उच्च न्यायालय को दिए गए दस्तावेज एक जैसे नहीं हैं जिसके बाद न्यायमूर्ति एस. एस. शिंदे और न्यायमूर्ति मनीष पिटाले की खंडपीठ ने दस्तावेजों की मांग की।

सिद्दीकी ने अदालत से कहा कि मजिस्ट्रेट को ''जल्दबाजी'' में प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए गए थे और इसमें ''दिमाग नहीं लगाया गया।'' उन्होंने कहा, ''किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष इस तरह की शिकायत दर्ज करने से पहले कानून में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।'' सिद्दीकी ने कहा कि कानून के मुताबिक, किसी शिकायत को पहले संबंधित थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के पास भेजा जाता है। अगर दो हफ्ते के अंदर कोई जवाब नहीं मिलता है तो एक पत्र क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त के पास भेजा जाता है और फिर मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।


पीठ ने कहा कि वह जांच के लिए दस्तावेजों को मजिस्ट्रेट की अदालत से मंगाएगी। अदालत ने निर्देश दिया, ''इसलिए इस मामले में हम बांद्रा के मजिस्ट्रेट की अदालत से संबंधित दस्तावेज मंगवाना उपयुक्त समझते हैं।'' इसके बाद अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 22 मार्च तय कर दी।

## परिणीति चोपड़ा की 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' को सोशल मीडिया पर मिल रही जबरदस्त तारीफ




मुंबई, (वेबवार्ता)। लंबे इंतजार के बाद परिणीति चोपड़ा के लीड रोल वाली फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' को शुक्रवार 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन रिलीज कर दिया गया। इस मर्डर मिस्ट्री फिल्म में परिणीति चोपड़ा के अलावा अदिति राव हैदरी और कीर्ति कुल्हारी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म इसी नाम के इंग्लिश नॉवल और इंग्लिश फिल्म पर बनाई गई है। भले ही इस फिल्म को क्रिटिक्स का मिला–जुला रिस्पॉन्स मिला है, मगर परिणीति चोपड़ा के काम की सभी तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर परिणीति चोपड़ा और फिल्म ट्रेंड कर रही है। परिणीति चोपड़ा ने अपने फैन्स को शुक्रिया कहते हुए आभार भी जताया है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा के काम की काफी तारीफ की जा रही है। सोशल मीडिया पर परिणीति के फैन्स फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस के लिए लगातार सराहना कर रहे हैं।

## क्राइम ब्रांच में बयान दर्ज कराने पहुंचे रितिक रोशन



मुंबई, (वेबवार्ता)। बॉलिवुड ऐक्टर रितिक रोशन कंगना रनौत के खिलाफ दर्ज कराए गए अपने ही एक केस में मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की क्राइम इंवेस्टिगेशन यूनिट में बयान दर्ज कराने के लिए पहुंच गए हैं। मुंबई पुलिस ने 1 दिन पहले ही रितिक रोशन को समन भेजते हुए 27 फरवरी को पूछताछ के लिए और बयान दर्ज कराने के लिए पेश होने के लिए कहा गया था। बता दें कि रितिक को यह समन साल 2016 से जुड़े केस में मिला है, जिसे दो महीने पहले ब्न् को ट्रांसफर कर दिया गया था। कंगना रनौत से जुड़े इस केस का पहले साइबर पुलिस स्टेशन इनवेस्टिगेशन कर रही थी। रितिक रोशन ने 5 साल पहले आईपीसी के सेक्शन 419 और आई ऐक्ट के सेक्शन 66 (सी) और 66 (डी) के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कंगना रनौत से जुड़ा विवाद इसी के बाद कई महीनों तक सुर्खियों में रहा था। दोनों ने एक दूसरे को कई लीगल नोटिस भेजे थे। इसलिए इस केस में बाद में कंगना का भी स्टेटमेंट लिया जा सकता है। रितिक रोशन को साल 2013–14 में उनके मेल आईडी पर सैकड़ों मेल आए थे। नामी वकील महेश जेठमलानी ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को इसी संदर्भ में दिसंबर, 2020 में एक पत्र लिखा था कि उस केस में अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। उसी के बाद मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने वह केस साइबर सेल से ब्न् को ट्रांसफर कर दिया था। बता दें कि कंगना रनौत ने कथित तौर पर रितिक रोशन पर यह आरोप लगाया था कि वह उनके साथ रिलेशनशिप में थे और उन्होंने शादी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच काफी टाइम तक एक–दूसरे को कानूनी नोटिस भेजे गए थे।

## चोरी के 2 दिन बाद मिल गए लेडी गागा के दोनों डॉगी, 5 लाख डॉलर रखा था इनाम

मुंबई, (वेबवार्ता)। हॉलिवुड सिंगर और ऐक्ट्रेस लेडी गागा के कुत्ते घुमाने वाले को गोली मारकर बुधवार को उनके दो फ्रेंच बुलडॉग चुरा लिए गए थे। अब शुक्रवार को उनके दोनों कुत्ते वापस मिल गए हैं। लॉस ऐंजिलिस पुलिस ने यह जानकारी साझा की है। पुलिस ने बताया है कि एक महिला लेडी गागा के दोनों कुत्तों को ओलिंपिक कॉम्यूनिटी पुलिस स्टेशन में लेकर आई थी। इसके बाद पुलिस ने लेडी गागा के रिप्रजेंटेटिव को बुलाया और उन्होंने कन्फर्म किया है कि वही लेडी गागा के दोनों चुराए गए कुत्ते हैं। लेडी गागा अभी अपने एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के सिलसिले में रोम में हैं। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि लेडी गागा के कुत्ते किस इरादे से चुराए गए थे और लौटाने वाली महिला के पास कैसे पहुंच गए। लेडी गागा ने अपने कुत्तों की जानकारी देने वाले के लिए 5 लाख डॉलर का इनाम भी रखा था। लेडी गागा ने अपने खोए हुए दोनों डॉगी मिलने पर खुशी जताई है और अपनी जान जोखिम में डालने के लिए रायन फिशर का शुक्रिया अदा किया है। बता दें कि बुधवार को लेडी गागा के कुत्ते घुमाने वाले रायन फिशर को बुधवार को उस समय गोली मारकर घायल कर दिया गया था जब वह 3 डॉगी को घुमाने के लिए ले गए थे। इसके बाद हमलावर लेडी गागा के दो डॉगी कोजी और गुस्ताव को चुराकर भाग गए थे।

## सोहेल खान ने राखी सावंत को दिया भरोसा, बोले– मां के इलाज के लिए कभी भी कॉल कीजिए

मुंबई, (वेबवार्ता)। ऐक्ट्रेस राखी सावंत की मां जया सावंत के इलाज में मदद के लिए सलमान खान और सोहेल खान आगे आए हैं। सोहेल खान ने राखी सावंत की मदद के लिए एक वीडियो शेयर किया है जिसे राखी सावंत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। सोहेल ने इस वीडियो में राखी की मां के जल्दी ठीक होने की दुआ करते हुए अपना पूरा सपोर्ट दिए जाने की बात कही है।

राखी ने सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वर्ल्ड के मेरे बेस्ट भाई, सोहेल भाई, सलमान भाई।' इस वीडियो में सोहेल ने कहा, 'राखी, माई डियर, आपको तुम्हें आपकी मां को किसी चीज की जरूरत है तो मुझे कॉल कीजिए। मैं आपकी मां से कभी मिला नहीं हूं लेकिन मैं आपको जानता हूं। आप बहुत स्ट्रॉन्ग हो और उनकी बेटी होने के नाते आपकी मां कितनी स्ट्रॉन्ग होंगी। मैं उनके जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। आप केवल उनके साथ बनी रहें और सब कुछ ठीक हो जाएगा। जब वह ठीक हो जाएंगी तो मैं उनसे बात करूंगा।'





बता दें कि राखी सावंत की मां जया सावंत इस समय कैंसर से जूझ रही हैं और उनकी कीमोथैरिपी मुंबई के एक हॉस्पिटल में चल रही है। सलमान और सोहेल के अलावा कविता कौशिक, विंदू दारा सिंह, कश्मीरा शाह, संभावना सेठ जैसे बहुत से टीवी सिलेब्रिटीज ने भी राखी को अपना सपोर्ट दिया है। राखी ने बताया है कि उनकी मां का इलाज करने वाले डॉक्टर सलमान को जानने वाले हैं।

# पीएम मोदी को मिलेगा वैश्विक ऊर्जा एवं पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार, 'सेरावीक कॉन्फ्रेंस–2021' में संबोधन की बेसब्री से हो रही प्रतीक्षा

वाशिंगटन, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले सप्ताह वार्षिक अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन में 'सेरावीक वैश्विक ऊर्जा एवं पर्यावरण



नेतृत्व' पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री 'सेरावीक कॉन्फ्रेंस–2021' को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन डिजिटल तरीके से एक से पांच मार्च तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक 'आईएचएस मार्किट' ने यह जानकारी दी। इस सम्मेलन के नामी वक्ताओं में पर्यावरण के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी, 'बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन' के सह अध्यक्ष और 'ब्रेकथ्रू इनर्जी बिल गेट्स' के संस्थापक और सऊदी अरामको के अध्यक्ष एवं सीईओ अमीन नासेर होंगे। 'आईएचएस मार्किट' के उपाध्यक्ष और कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डेनियल येरगिन ने कहा, ''हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की भूमिका पर दृष्टिकोण जानने के लिए उत्सुक हैं। देश की तथा पूरी दुनिया की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भारत के नेतृत्व का विस्तार करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री को 'सेरावीक वैश्विक ऊर्जा एवं पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास, गरीबी घटाना और नए ऊर्जा भविष्य के पथ पर आगे बढ़ते हुए भारत वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण के एक केंद्र के तौर पर उभरा है और वैश्विक ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करते हुए अच्छे भविष्य के लिए जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उसका नेतृत्व महत्वपूर्ण है। वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ऊर्जा उद्योग के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ, सरकारी अधिकारी, नीति निर्माता, प्रौद्योगिकी, आर्थिक और उद्योग क्षेत्र से जुड़े लोग और ऊर्जा प्रौद्योगिकी के नवोन्मेषकर्ता हिस्सा लेंगे।

# जेल से भागे 400 कैदी, गोलीबारी में 25 लोगों की मौत

पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती), (वेबवार्ता)। हैती की सरकार ने शुक्रवार को कहा कि जेल से 400 से ज्यादा कैदी फरार हो गए हैं और गोलीबारी की घटना में जेल निदेशक समेत 25 लोगों की मौत हो गयी।

यह घटना बृहस्पतिवार को राजधानी पोर्ट ऑ प्रिंस के उत्तर पूर्व में स्थित क्रूआ दि बूके सिविल जेल में हुई। घटना के वक्त जेल में 1542 कैदी थे।इस जेल का निर्माण 2012 में कनाडा ने कराया था। वर्ष 2014 में इसी जेल से 300 से अधिक कैदी फरार हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि अपराधी अर्नेल जोसेफ को मुक्त कराने के लिए गिरोह के लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म, अपहरण और हत्या के आरोप में 2019 में जोसेफ को गिरफ्तार किया गया था। जेल से फरार होने के बाद वह मोटरसायकिल से भाग रहा था लेकिन पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। अधिकारियों ने कहा है कि 60 कैदियों को पकड़ लिया गया है और बाकी की तलाश की जा रही है। जेल से कैदी कैसे फरार हुए इस घटना की जांच के लिए आयोग का गठन किया गया है। गोलीबारी की घटना में जेल निदेशक पॉल जोसेफ हेक्टर की भी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने कैदियों के फरार होने से पहले बड़ी संख्या में हथियारबंद लोगों को जेल के सुरक्षाकर्मियों पर गोलियां चलाते देखा था। गोलीबारी शुरू होने के काफी देर बाद तक जेल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनायी देती रहीं। हैती के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइस ने शुक्रवार को ट्वीट कर कैदियों के भागने और गोलीबारी की घटना की निंदा की और लोगों से धैर्य बनाए रखने को कहा।

# विवाहिता की हत्या के मामले में पति, सास व ससुर को उम्रकैद

चित्रकूट (उप्र), (वेबवार्ता)। चित्रकूट जिले की एक अदालत ने विवाहिता की आग लगाकर हत्या करने के जुर्म में उसके पति, सास और ससुर को शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई और तीनों पर 10–10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन अधिकारी गोपालदास ने शनिवार को बताया कि बांदा जिले के जमालपुर गांव के बाबू रैदास ने कर्वी कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी कि जोगिया पुरवा (रसिन गांव) में 18 जुलाई 2016 को उसकी बेटी सुशीला की उसके पति राममिलन उर्फ ओमप्रकाश, सास और ससुर ने आग लगाकर हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र अदालत (त्वरित) के न्यायाधीश सत्येंद्र पांडेय ने अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद महिला के पति राममिलन उर्फ ओमप्रकाश, सास और ससुर को शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई और तीनों पर 10–10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# विकास दर में कमी, महंगाई में तेजी की 'दोहरी मार' से लोग प्रभावित: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था की हालत के लिए सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि लोग कम विकास और तेज महंगाई की 'दोहरी मार' से प्रभावित हुए हैं और इसके लिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का 'कुप्रबंधन' जिम्मेदार है। कृषि, सेवा और निर्माण क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में अर्थव्यवस्था में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि तीसरी तिमाही की जीडीपी के आंकड़े से एक बार फिर साबित हो गया है कि देश की अर्थव्यवस्था बदहाल स्थिति में है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2020–21 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में मात्र 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि अनुमान से बहुत कम है। सुरजेवाला ने कहा, ''चिंता की वजह समूचे वित्त वर्ष के लिए जीडीपी का अनुमान भी है। केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने 2020–21 के लिए जीडीपी दर को अब माइनस 8 प्रतिशत कर दिया है जबकि पहले -7.7 प्रतिशत का अनुमान था। उन्होंने एक बयान में कहा, ''इसका सीधा मतलब है कि आरबीआई या सीएसओ ने जो अनुमान लगाया है, अर्थव्यवस्था उससे भी बदतर प्रदर्शन करेगी। आगे अर्थव्यवस्था के सिकुड़ने का मतलब होगा कि कम निवेश और कम रोजगार का सृजन। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह उल्लेख करना जरूरी है कि पहली तिमाही की जीडीपी को भी संशोधित कर माइनस 24.4 प्रतिशत कर दिया गया है जो कि पहले माइनस 23.9 प्रतिशत था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की गलत योजना और बेतरतीब तरीके से लॉकडाउन लगाने के कारण अर्थव्यवस्था को भारी झटका लगा, जो कि पहले ही नोटबंदी और जीएसटी की वजह से दिक्कतें झेल रही थी। सुरजेवाला ने कहा, ''चिंता की बात यह भी है कि देश में महामारी के कारण कीमतें आसमान छूती जा रही है। महंगाई दर में लगातार इजाफा हो रहा है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पर ब्याज दर बढ़ाने का दबाव बनेगा और मांग घटने से अर्थव्यवस्था और नुकसान में रहेगी। उन्होंने कहा कि निजी उपभोग खर्च 21.2 लाख करोड़ रुपये है जो कि वर्ष दर वर्ष आधार पर 2.4 प्रतिशत कम है। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि यह साफ है कि वस्तुओं की मांग बढ़ रही है, लेकिन जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान देने वाली सेवा की मांग कम है और भविष्य में कुछ तिमाही तक इसमें बहुत सुधार की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, दावे के विपरीत केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए बहुत कम खर्च किया।'' न्होंने कहा, ''हमारी अर्थव्यस्था कम वृद्धि और तेज महंगाई की दोहरी मार से प्रभावित हुई है जिसका मूल कारण मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का कुप्रबंधन और नाकामी है। आशा है कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को हकीकत का अहसास हो जाएगा।'' इससे पहले, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, '' रोजगार बंद, महंगाई बुलंद, सरकार मस्त, आंखें बंद इसलिए भारत बंद।

# मिजोरम में कोरोना वायरस के तीन नए मामले

आइजोल, (वेबवार्ता)। मिजोरम में कोरोना वायरस के तीन नए मरीजों की पुष्टि हुई है जिसके बाद राज्य में कुल मामले 4,422 हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि नए मरीजों में 88 वर्षीय एक महिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि दो मामले आईजोल जिले के हैं जबकि एक मरीज ममित जिले का है। अधिकारी ने बताया कि दो मरीजों में कोविड–19 के लक्षण थे जबकि एक मरीज में कोई लक्षण नहीं था। राज्य में फिलहाल 26 मरीज संक्रमण का इलाज कर रहे हैं जबकि 4386 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। राज्य में कोरोना वायरस से 10 मरीजों की मौत हुई है। अधिकारी ने बताया कि राज्य में अबतक 21,997 लोगों को कोरोना वायरस रोधी टीके की पहली खुराक लगाई गई है। इनमें अग्रिम पंक्ति के 10,639 कर्मी हैं।

# अदालत ने सीशोर समूह की कंपनियों की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया

कटक, (वेबवार्ता)। ओडिशा में एक विशेष अदालत ने राज्य सरकार को सीशोर समूह की कंपनियों की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया है। ओडिशा जमाकर्ता हित संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठान) कानून के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत ने बृहस्पतिवार को यह आदेश दिया। अदालत ने कहा, ''जब्त की गयी संपत्ति की नीलामी से मिली रकम को सभी निवेशकों के बीच बांट देना चाहिए जिनके साथ कंपनी ने धोखाधड़ी की थी।'' अदालत ने 222 एकड़ भूखंड, 1.386 किलोग्राम स्वर्ण आभूषण, 200 किलोग्राम चांदी के आभूषण, चार महंगी कारें और 1.88 करोड़ रुपये की नकदी समेत अन्य संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया। अदालत ने दिसंबर 2013 में सीशोर कंपनी और इसके सीएमडी प्रशांत कुमार दास की संपत्ति कुर्क की थी और अतिरिक्त जिलाधिकारी को सक्षम प्राधिकार नियुक्त किया था। कंपनी के कई निवेशकों की शिकायतों के बाद राज्य पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने दिसंबर 2013 में कानून के तहत प्रशांत दास और 44 अन्य के खिलाफ सात मामले दर्ज किए थे। कंपनी ने जमाकर्ताओं के पैसे नहीं लौटाए और निवेशकों को 500 करोड़ रुपये का चूना लगाया। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद जुलाई 2014 में मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया था।

# मायावती ने रविदास जयंती पर उन्हें याद किया

लखनऊ, (वेबवार्ता)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आज संत रविदास की जयंती पर उन्हें याद किया और बसपा के चार बार के कार्यकाल में संत के जिये किये काम का भी जिक्र किया। सुश्री मायावती ने रविदास जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुये दो ट्वीट किये। उन्होंने पहले ट्वीट में कहारूमन चंगा तो कठौती में गंगा: का मानवतावादी अमर संदेश देने वाले महान संतगुरू रविदास की जयंती पर उन्हें शत शत नमन व देश में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयाईयों को बधाई और शुभकामना। संतगुरू ने अपना सारा जीवन आदमी को इंसान बनाने में गुजार दिया। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि बीएसपी की यूपी में चार बार की सरकार के कार्यकाल में संत गुरू के सपनों को पूरा करने के लिये जो काम हुये वो किसी से छुपा नहीं है । केंद्र और राज्य सरकारें उनके बताये रास्ते पर चल कर यदि समाज का भला कर सकें तो उचित होगा ।



अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।